कार्यालय वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी,उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0,ओबरा, जनपद–सोनभद्र(उ0प्र0)

विज्ञप्ति संख्या–01/अधी0अभि0(मु0)/ओबरा/चयन–पैरा मेडिकल स्टाफ(वार्ड आया)/2018

परियोजना चिकित्सालय, ओबरा तापीय परियोजना, ओबरा सोनभद्र में कार्य करने हेतु वार्ड आया के 06 पदो पर संविदा के आधार पर एक वर्ष हेतु नियत मानदेय पर नियुक्ति हेतु **Walk in Interview** के माध्यम से चयन किये जायेगें। संविदा पदो पर तैनानी हेतु साक्षात्कार दिनांकः–17.05.2018 (दिन गुरुवार) को पूर्वान्ह 10:00 बजे से 05:00बजे तक मुख्य अभियन्ता(प्रशासन),ओबरा ताप विद्युत गृह, ओबरा के कार्यालय में सम्पन्न होगा। साक्षात्कार में सम्मिलित अभ्यर्थियो को कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। साक्षात्कार में अभ्यर्थी को शैक्षिक योग्यता, कार्य अनुभव एवं अन्य आवश्यक मुल प्रपत्रो सहित उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

क्र0सं0	पद का नाम	कुल पदो की संख्या	न्यूनतम शैक्षिक योग्यता	निर्धारित संविदा मानदेय
1.	वार्ड आया	06	जूनियर हाई स्कूल, एक वर्ष का मेडिकल अनुभव(मुख्य/उपमुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित)	रू0 6,980.00 प्रतिमाह

नियम व षर्तेः–

1. कार्मिको का चयन वाक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से किया जायेगा।
2. यह नियुक्ति केवल एक वर्ष के लिये संविदा पर होगी जो एक माह के नोटिस पर समाप्त किया जा सकता है।
3. इस संविदा नियुक्ति को नियमित/स्थायी नियुक्ति हेतु अधिकार मान्य नही होगा जो अवधि पूर्ण होने पर स्वतः समाप्त हो जायेगी अथवा संतोषजनक कार्य न होने पर बीच में माह पूर्ण होने पर नियुक्ति समाप्त कर दी जायेगी तथा इस प्रकार संविदा पर रखे गये कार्मिको का नियमित सेवायोजन हेतु कोई दावा स्वीकार नही होगा।
4. अभ्यर्थी की उम्र दिनांक 01.04.2018 को 18 वर्ष से कम तथा 40वर्ष से अधिक नही होनी चाहिये।
5. अभ्यर्थियों के न मिलने पर आरक्षित पद को सामान्य पद के अभ्यर्थियों से भरा जा सकता है।
6. नियुक्ति के उपरान्त कार्मिक की ड्यूटी चिकित्सालय में सामान्य/आकस्मिकता/शिफ्ट में लगायी जायेगी।
7. संविदा नियुक्ति हेतु गठित चयन समिति का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा।
8. संविदा पर नियुक्त कार्मिक बोनस व पेंशन का हकदार नही होगा।
9. संविदा पर नियुक्त वार्ड आया, परियोजना कालोनी में निःशुल्क आवास का पात्र नही होगा। परन्तु परियोजना कालोनी में आवास रिक्त एवं उपलब्ध होने की दशा में उन्हें मासिक किराये पर (निगमीय नियमानुसार)आवास आवंटित किये जा सकते है तथा विद्युत शुल्क भी तदनुसार देय होगा।
10. नियुक्त कार्मिक कार्यस्थल पर बिना सूचित किये अनुपस्थित रहने पर प्रत्येक कार्य दिवसो के लिये **Pro-Rota** के आधार पर धनराशि उनके मानदेय से काटा जायेगा।
11. चयन समिति के पास चयन प्रकिया को किसी भी समय बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
12. किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधियों में लिप्त पाये जाने की दशामें नियुक्त वार्ड आया की सेवायें तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जा सकता है।
13. सरकारी चिकित्सालयों, उत्पादन निगम के चिकित्सालयों एवं 50 बेड से अधिक क्षमता वाले प्राइवेट चिकित्सालय का अनुभव मान्य होगा।
14. अनुभव प्रमाण पत्र जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्साधिकारी/उप मुख्य चिकित्साधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित होना आवश्यक है।
15. संविदा पर नियुक्त वार्ड आया का मानदेय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन/राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन/जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्धारित दरो के अनुसार देय होगा।
16. स्वास्थ्य प्रमाण पत्र (नियुक्ति के समय) ओबरा परियोजना के मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कराकर प्रस्तुत कराना होगा।
17. कार्यभार ग्रहण करने की तिथि पत्र जारी होने के 15 दिनो के अन्दर होगी एवं इस अवधि में कार्यभार ग्रहण न करने की दशा में नियुक्ति स्वतः निरस्त समझी जायेगी।
18. साक्षात्कार दिनांक 17.05.2018 को प्रातः 10.00 से 5.00 बजे तक परियोजना चिकित्सालय, ओबरा पर सम्पन्न होगा। सक्षात्कार के समय अभ्यार्थी को आवेदन पत्र पर संलग्न प्रारुप में समस्त शैक्षणिक/व्यवसायिक प्रमाण पत्रों की मूलप्रतियों के साथ उनकी दो सेट में प्रमाणित छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज नवीनतम फोटो लाना अनिवार्य है। साथ ही जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, नान कीमिलेयर से सम्बन्धित आय प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड भी मूलरुप से साथ लाना अनिवार्य है।

उपरोक्त विज्ञप्ति का विवरण उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के वेबसाइट **www.uprvunl.org** पर भी उपलब्ध है।

23/4/18

वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी एवं संयोजक
पैरामेडिकल संवर्ग चयन समिति, ओबरा

Jobsarkari.com

आवेदन का प्रारूप

1. अभ्यर्थी का पूरा नाम : ....
2. पिता/पति का नाम : ....
3. आवेदित पद का नाम : ....
4. जन्म तिथि(अंको में) : ....
5. स्थायी पता : ....

....

....

यहाँ आवेदक अपना पासपोर्ट साइज फोटो चिपकायें।

6. षैक्षणिक / व्यवसायिक योग्यता

क0सं0	परीक्षा का नाम	बोर्ड/संस्था का नाम	उत्तीर्ण वर्ष	कुल प्राप्तांक	प्रतिशत

7. अनुभव (यदि कोई हो)..
(प्रमाण पत्र संलग्न करें)
8. राज्य का नाम (आवेदक जिसका मूल निवासी है)..
9. राष्ट्रीयता..
10. श्रेणी/वर्ग..
....
(सामान्य, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग)
11. विवाहित/अविवाहित..
12. यदि नियोजित हों तो संस्था का नाम..
(अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें)

घोषणा पत्र

मै एतदद्वारा यह घोषणा करता/करती हूँ अब मेरे द्वारा इस आवेदन में दिये गये सारे विवरण/सूचनायें सत्य एवं सही है और मैंने इस विवरण/सूचनायें में कोई भी तथ्य नहीं छिपाया है। यदि कोई विवरण/सूचना असत्य अथवा गलत पायी जाय तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाय। नियुक्ति हो जाने के उपरान्त भी यदि ऐसी स्थिति प्रकाश में आये तो मेरी सेवायें समाप्त कर दी जायें।

संलग्नकों की संख्या

दिनांकः..............................

हस्ताक्षर

नामः–

Jobsarkari.com